बी.एच.डी.ई.-107

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

फरवरी, 2021

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-107 : हिन्दी संरचना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *खण्ड क में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड ख **अनिवार्य** है ।*

खण्ड क

*निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *4×15=60*

1. भाषा संरचना का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए भाषा संरचना की विभिन्न इकाइयों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

2. 'स्वर' और 'व्यंजन' में अंतर बताते हुए स्वरों का वर्गीकरण कीजिए ।

3. रूप का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए रूप, रूपिम और संरूप का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए ।

4. रूप-स्वनिमिक से क्या अभिप्राय है ? रूप-स्वनिमिक परिवर्तन को उदाहरण सहित समझाइए ।

5. पारिभाषिक शब्द से क्या तात्पर्य है ? पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के सिद्धांतों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

6. सर्वनामों की संरचना का विवेचन करते हुए हिन्दी सर्वनामों के सामाजिक संदर्भ पर प्रकाश डालिए ।

7. 'भाषा और समाज का अटूट संबंध है' – इस उक्ति की व्याख्या करते हुए हिन्दी भाषा की प्रमुख शैलियों का विवेचन कीजिए ।

8. भाषा और लिपि के संबंध को स्पष्ट करते हुए लिपि के उद्‌भव और विकास पर चर्चा कीजिए ।

खण्ड ख

9. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर 150 – 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए : *2×5=10*

(क) मिश्र वाक्य के प्रकार

(ख) खंडीय और खंडेतर स्वनिम में अंतर

(ग) प्रोक्ति संरचना

(घ) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर उदाहरण सहित टिप्पणियाँ लिखिए : *4×5=20*

(क) संयुक्त वाक्य से अभिप्राय

(ख) वाक्य में उद्देश्य और विधेय की भूमिका

(ग) कोड मिश्रण और कोड परिवर्तन

(घ) प्रयोग के आधार पर रूपिमों के भेद

(ङ) पदबंधों का प्रकार्यात्मक वर्गीकरण

(च) अन्विति से आशय – हिन्दी वाक्यों के संदर्भ में

11. निम्नलिखित पर लगभग 50 – 50 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए : *5×2=10*

(क) संधि और समास में अंतर

(ख) मौखिक और नासिक्य व्यंजन

(ग) मुहावरा और लोकोक्ति

(घ) विपरीतार्थक शब्द

(ङ) हिन्दी के रिश्ते-नाते की शब्दावली